नींमिओड़ौ, नींमियोड़ौ, नींम्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नींमोजणौ, नींमीजबौ—कर्म वा०।
नींमियोड़ौ—देखो 'निरमियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नींमियोड़ी)
नींमेड़णौ, नींमेड़बौ—१ देखो 'निवेड़णौ, निवेड़बौ' (रू.भे.)
२ देखो 'निपटाणौ, निपटाबौ' (रू.भे.)
नींमेड़णहार, हारौ (हारी) नींमेड़णियौ—वि०।
नींमेड़िओड़ौ, नींमेड़ियोड़ौ, नींमेड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नींमेड़ीजणौ, नींमेड़ीजबौ— कर्म वा०।
नींमड़णौ, नींमड़बौ—अक० रू०।
नींमेड़ियोड़ौ—१ देखो 'निवेड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
२ देखो 'निपटायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नींमेड़ियोड़ी)
नींव-सं०स्त्री० [सं० नेमि, प्रा० नेड] १ दीवार उठाने के लिए गहरी नाली के रूप में खुदा हुआ गड्ढा जिसके भीतर से दीवार की जोड़ाई आरम्भ होती है।
ज्यूं—अठै कोलेज बणैला, नींवां खुदण लागगी है।
क्रि०प्र०—खुदणी, खोदणी, भरणी।
मुहा—१ नींव देणी—दीवार बनाने के लिए गहरी नाली खोद कर स्थान बनाना। दीवार की मूल जमाने के लिए भूमि खोदना। मकान बनाने का प्रारम्भ करना। आरम्भ करना। सामान तैयार करना। उपक्रम करना। आधार खड़ा करना।
२ नींव भरणी—पत्थर, कंकड़ आदि से दीवार उठाने के लिए गहरे किए हुए स्थान को पाटना।
२ वह मूल भित्ति जो दीवार के लिए गहरे किए हुए स्थान में ईंट, पत्थर, मिट्टी आदि जोड़ कर या जमा कर ऊपर उठाई जाती है, दीवार का आधार व जड़।
उ०—कांतिधर सेठ एक नवौ मंदिर बणावै सो पुष्य नक्षत्र रविवार नूं वैरी नींव लगाई।—सिंघासण बत्तीसी
मुहा०—१ नींव जमाणी, नींव डाळणी, नींव देणी—दीवार की जड़ जमाना, ईंट पत्थर आदि से नींव के गड्ढे को पाट कर दीवार के लिए आधार उठाना, स्थापित करना, स्थिर करना, आधार दृढ़ करना, गर्भ ठहराना, बुनियाद डालना, सूत्रपात करना, आरम्भ करना।
२ नींव पड़णी—मकान बनना आरम्भ होना, दीवार के लिए आधार बनाना, जड़ी खड़ी होना, आरम्भ होना, सूत्रपात होना, जमना।
नींव री भाटी—मकान बनाने के आरम्भ में पहले-पहल नींव में रखा जाने वाला पत्थर, दृढ़ आधार।
४ नींव लगणी—देखो 'नींव जमाणी, डाळणी, पड़णी'।
५ नींव लागणी—देखो 'नींव पड़णी'।
३ आधार, स्थिति।
४ जड़, मूल।
रू०भे०—नींम, नीम, नीवं, नीव।
नींवड़णौ, नींवड़बौ—१ देखो 'निपटणौ, निपटबौ' (रू.भे.)
उ०—पिड खीचिय साथ घणूं पडियूं। वढ़ 'पाल' पड़ै जुध नींवडियूं। विय सोतर वेध खळां वहियूं। रवि असिय 'पाल' कटै रहियूं।
—पा.प्र.
२ देखो 'निवड़णौ, निवड़बौ' (रू.भे.)
नींवड़णहार, हारौ (हारी), नींवड़णियौ—वि०।
नींवड़िओड़ौ, नींवड़ियोड़ौ, नींवड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नींवड़ीजणौ, नींवड़ीजबौ—भाव वा०।
नींवड़ियोड़ौ—१ देखो 'निपटियोड़ौ' (रू.भे.)
२ देखो 'निवड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नींवड़ियोड़ी)
नींवत—देखो 'नीयत' (रू.भे.)
उ०—कोई कंवै लोगां री नींवत खोटी हुयगी।
—वरसगांठ
नींवेड़णौ, नींवेड़बौ—१ देखो 'निपटाणौ, निपटाबौ' (रू.भे.)
२ देखो 'निवेड़णौ, निवेड़बौ' (रू.भे.)
नींवेड़णहार, हारौ (हारी), नींवेड़णियौ—वि०।
नींवेड़िओड़ौ, नींवेड़ियोड़ौ, नींवेड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नींवेड़ीजणौ नींवेड़ीजबौ—कर्म वा०।
नींवेड़ोयोड़ौ—१ देखो 'निपटायोड़ौ' (रू.भे.)
२ देखो 'निवेड़ियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० निवेड़ियोड़ी)
नींसरणौ, नींसरबौ—देखो 'नीसरणौ, नीसरबौ' (रू.भे.)
उ०—१ उठै म्हांनूं कुंवरजी नींसरण नहीं दै।—द.वि.
उ०—२ रांमदास री मारग रूड़ौ, उण रै नह आभड़िया। घर घर सूं नींसर नै घोड़ां, खाली ऊभड़ खड़िया।—ऊ.का.
नींसरणहार, हारौ (हारी), नींसरणियौ—वि०।

नींगरियोड़ौ, नींगरियोड़ौ, नींगरयोड़ौ—भू०का०कृ०।
नींगरावणौ, नींगरीजवौ—भाव वा०।
नींगरियोड़ौ—देखो 'नींगरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नींगरियोड़ी)
नी-सं०पु०—१ प्रेम, स्नेह।
२ नृप, राजा।
सं०स्त्री०—३ अनन्य भक्ति।
४ दशा, अवस्था (एका०)
वि०—१ अतिशय, बहुत ज्यादा।
२ नीरोग, चंगा, स्वस्थ (एका०)
प्रत्यय०—सम्बन्ध या षष्ठी विभक्ति अथवा इस विभक्ति के चिन्ह 'ना' का स्त्री०, 'की'।
उ०—१ रायणो नट परणवा चाल्यउ, कुमर कनकरथ नांम रे। रिसिदत्ता तापस नी पुत्री, दीठी अति अभिराम रे।—स.कु.
उ०—२ हू सोनां नी मुंदड़ी सुपियारा हो, तूं हिव हीरो होय, नेम सुपियारा हो।—स.कु.
उ०—३ 'लखो' अधो धी अंधी, अंधो 'लखा' नी लोय। आंख तणूं फरमाड़ूं, क्या जांणू क्या होय।—अज्ञात
अव्य०—१ एक आदरदर्शक वा अनुरोधसूचक अव्यय।
ज्यूं—आवै नी। बैठै नी। जीमै नी। जावै नी। लावै नी।
२ देखो 'नहीं' (रू.भे.)
उ०—१ पीछे मा'राज काम आया तिणरी पातसाहजी सूं औरंगाबाद में मालम हुई। तठै बडो अपसोस कियो अर फुरमायो कै यहां सचा निमकहलालिया था, अब मेरी पातसाही में ऐसा जमामरद बाकी रया नी कोई, धरती मेरी रही, मुलक में भी चैन किया, पण 'पदमै' जिसा सचा सूरा होणें का फेर नहीं, दोवां हरांमखोरां कु अपणें हाथ में मार डाला।—द.दा.
उ०—२ नोटो चोथे मांय, गूंथो गुणां सजाय नै। हेताळू री गांठ, जाकै कुम में नी खुलै।—अज्ञात
३ देखो 'नि' (रू.भे.)
रू०भे०—नीं।
नीअ—देखो 'नीच' (रू.भे.) (जैन)
नीइ—देखो 'नीति' (रू.भे.)
उ०—नीइ तुमारी नमो जुग अगनेहि जरिया।—पी.ग्रं.
नीक-सं०स्त्री० [सं० नीका] १ खेतों की सिंचाई के लिए पानी का रास्ता या नहर (उ.र.)
२ देखो 'नीको' (मह., रू.भे.)
उ०—ठायें हम ठक्कुर राहुळ टीक, नोकरी चहत नजदीक नीक।
—ऊ.का.
नीकउ-सं०पु० [सं० निष्क:] १ स्वर्ण का कंठा या हार (उ.र.)
२ सोना, स्वर्ण, कनक (उ.र.)
३ सोने की तोल विशेष (उ.र.)
४ देखो 'नीको' (रू.भे.)
उ०—नव तत नव निधांन जिन पाए, आगम गंगा कुरि। षवद विद्या गुण रतन सग करि, नीकउ नोलवट नूरि।
—ऐ.जै.का.सं.
नीकळंक—देखो 'निकळंक' (रू.भे.)
उ०—जउ ए विरुउं आचरइ, तउ पण बहु पवित्र। परमेस्वर ए पूजीइ, ए नीकळंक चरित्र।—मा.कां.प्र.
नीकळणौ, नीकळबौ—देखो 'निकळणौ, निकळबौ' (रू.भे.)
उ०—१ जदी रजपूतांणी घणी ही रजपूत नै समजावै। पण आ मानै नहीं। जदी रजपूत तो उठा सूं नीकळ्यो जो घरै आयो।
—पंचमार री वात
उ०—२ मेळ थयो सैंधै मुहे, रैंणा देता रेस। अर मिळिया दिन ऊजळै, थया नीकळै 'महेस'।—रा.रू.
उ०—३ अस्व रथ गज चढी भूपति, नगर थी सहू नीकळया, कुंडिनपुर भणि सांचरि, पदाति बहु आवी म्यल्या।
—नळाख्यांन
उ०—४ किसा नगर रा नीकळया जी, स्वांमी! बसता कुण से ग्रांम। किण रा छो दीकरा जी, पिता रो कहो नांम।
—जयवांणी
उ०—५ नगर बीच हो नीकळया, गया वीर जिणंद रै पास। वदणा करी कर जोड़ै नै, कहै तारो भवजळ तास।—जयवांणी
उ०—६ कितरायक दिन नीकळया, रुघनाथजी नै खबर हुइ जद जोधपुर चाल्या।—मि.द्र.
नीकळणहार, हारो (हारी), नीकळणियौ—वि०।
नीकळिग्रोड़ौ, निकळियोड़ौ, नीकळयोड़ौ—भू०का०कृ०।
नीकळीजणौ, नीकळीजबौ—भाव वा०।
नीकळियोड़ौ—देखो 'निकळियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीकळियोड़ी)
नीकाळ—देखो 'निकाळ' (रू.भे.)
नीकाह—देखो 'निका' (रू.भे.)
नीकां-क्रि०वि० [देशज] अच्छी तरह से, ठीक प्रकार से।
उ०—सूरे कही—दीठो तो सही पण विसेस रुयांत नहीं कीवी। खींवै कही—धोड़ी मैं नीकां दीठी। थे तो बातां रै घमभोळै मांही था, पण हूं दीठी थी।—सूरे खींवे कांधळोत री वात
नीको-वि० [सं० निरक्त=साफ, स्वच्छ] (स्त्री० नीकी)
१ अच्छा, ठीक। उ०—१ नहीं जग माळा नीकी रे, जाळा नहीं फाटै जी की रे।—ऊ.का.
उ०—२ फुरियो भादरवो धुरियो नह फीको। नीरद रज आगै लागै नह नीको। तिसिया संगारा भू पर नर तिरसै। धिसिया अंगारा ऊपर सूं बरसै।—ऊ.का.

उ०—३ आली मोहि लागत व्रिंदावन नीको।—मीरां

२ श्रेष्ठ, उत्तम, बढ़िया। उ०—१ विमळ कवेसर विलै साधु सुखदेव सरीखा। वालमीक जैदेव नांम नरहर कवि नीका।

—पी.ग्रं.

उ०—२ नीको जग री नांम निज, पणिजै निकळंक पात्र। सहि छात्रा ऊपरि सरै, स्त्रिया कंत रो छात्र।—पी.ग्रं.

उ०—३ अइ ए आंवळियांह. गुणसागर गोढांण री। फूलां बहु फळियांह, नीका दांतण नीपजै।—अज्ञात

३ सुन्दर, भला। उ०—१ ससीवयणी अगनयणी, नव सति सजि सिणगार। नवयोवन सोवन वन, अलि अपछर अवतार। सिर सिंघो फूली, बहुमूली राखडी सार। सीस फूलमणि टीकी नीको कंत अपार।—प्राचीन फागु-संग्रह

उ०—२ बभूती की टीकी निज अलिक निकी नित बसै। कड़ा डोरो मूरती लवंग परि पूरती स्तुति लसै।—मे.म.

उ०—३ रमाकंत ची वंक वेभ्रूंह रंजी। लखै कांम सूर सांम ची चाप लज्जी। त्रिहूं लोक चा ग्वाळ रै भाळ टीको। नरां भूप सोभा लखै रूप नीको।—रा.रू.

४ सम्मानपूर्वक। उ०—सो अमरसिंहजी नूं बादसाह नीकी तरह राखै।—राठौड़ राजसिंह री वारता

रू०भे०—नीकउ।

मह०—नीक।

नीखर-वि० [सं० निक्षरणं=छंटना] स्वच्छ, निर्मल, साफ।

ज्यूं—नीखर पांणी, नीखर धांन।

नीखरणौ, नीखरबौ—देखो 'निखरणौ, निखरबौ' (रू.भे.)

उ०—वरिखा रितु गई सरद रितु वळती, वाखांणि सु वयण वयणि। नीखर धर जळ रहित निवांणै, निधुवनि लज्जा त्री नयणि।—वेलि.

नीखरणहार, हारौ (हारी), नीखरणियौ—वि०।

नीखरिओड़ौ, नीखरियोड़ौ, नीखरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीखरीजणौ, नीखरीजबौ—भाव वा०।

नीखरियोड़ौ—देखो 'निखरियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीखरियोड़ी)

नीखाखा-सं०पु० [देशज] केवट (अ.मा.)

नीगम—देखो 'निगम' (रू.भे.)

उ०—प्रिथु वेलि कि पंचविध प्रसिध प्रणाळी, आगम नीगम कजि अखिळ। मुगति तणी नीसरणी मंडी, सरग लोक सोपांन इळ।

—वेलि.

नीगमणौ, नीगमबौ-क्रि०स० [सं० निर्गमननम्] १ व्यतीत करना, बिताना। उ०—१ राव उडीसइ रहीयो जाई। राजमतो अजमेरां मांहि। दस बरस ईम नीगम्या। बरस ईग्यारमउ पहतऊ आई।

—बी.दे.

उ०—२ दीह दुहेलो जाइ, निसि नीसासै नीगमूं। दुखिया देखो दाइ, आवै तो आवै 'जसा'।—जसराज

२ खोना, गमाना।

उ०—सो धम्म रम्म जो गुण सहिय, दांनसीळ तव भाव मउ। भो भविय लोय तुम्हि पर करिय, नरभव आलि म नीगमउ।

—अभयतिक यती

३ गमन करना, जाना। उ०—१ बीजुळियां पारोकियां, नीठ ज नीगमियांह। अजइ न सज्जन बाहुड़े, वळि पाछी वळियांह।

—ढो.मा.

उ०—२ जउ तूं ढोला नावियउ, मेहां नीगमतांह। किया करायइ सज्जणां, दाधा मांहि घणांह।—ढो.मा.

४ प्रदान करना, देना।

५ साबित होना, प्रमाणित होना, सिद्ध होना।

नीगमणहार, हारौ (हारी), नीगमणियौ—वि०।

नीगमिओड़ौ, नीगमियोड़ौ, नीगम्योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीगमीजणौ, नीगमीजबौ—भाव वा०, कर्म वा०।

निगमणौ, निगमबौ, नींगमणौ नींगमबौ—रू०भे०।

नीगमियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ व्यतीत किया हुआ, बिताया हुआ।

२ खोया हुआ, गमाया हुआ।

३ गमन किया हुआ, गया हुआ।

४ प्रदान किया हुआ, दिया हुआ।

५ साबित हुवा हुआ, प्रमाणित हुवा हुआ, सिद्ध हुवा हुआ।

(स्त्री० नीगमियोड़ी)

नीगळणौ, नीगळबौ—देखो 'निगळणौ, निगळबौ' (रू.भे.)

उ०—तद मोजडी मछ रै हाथ आई। सु मछ नीगली। तद रांणी दीठो एक मोजड़ी नहीं तो हेके नूं कासूं करूं।—चौबोली

नीगळणहार, हारौ (हारी), नीगळणियौ—वि०।

नीगळिओड़ौ, नीगळियोड़ौ, नीगळयोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीगळीजणौ, नीगळीजबौ—कर्म वा०।

नीघरियौ-वि० [सं० नि+गृह] जिसके घर न हो, बिना घर का।

उ०—पर घर रीझण करहला, नीघरिया घर आव। बीजां अेक झबूकड़ा, वेलां एको साव।—जलाल बूबना री वात

नीघात—देखो 'निघात' (रू.भे.)

उ०—साकुरां ऊपड़ी बागां हेकपै आलमां सारी, हणु मार लंक नै दिखाया भारी हाथ। वेढीगारां रांगड़ा ऊं लगाई घगारां वातां, नगारां वागतां गांम लूटिया नीघात।—विसनसिंह राठौड़ री गीत

नीड़-सं०पु० [सं० नीड] १ चिड़ियों का घोंसला।

२ स्थान, जगह रहने का स्थान।

उ०—'अजै' कंवर सूं आखियो, मिळतां साचै मन्न। भीड़ न भाजै दूसरां, तो विण नीड़ जतन्न।—रा.रू.

३ नदी के किनारे का प्रान्त या नगर।

४ कूपों द्वारा सींचा जाने वाला भू-भाग ।

सं०स्त्री०—५ सरिता, नदी ।

वि०—१ स्तुति योग्य ।

२ देखो 'निकट' (रू.भे.)

उ०—'गुरजन' नृप रत्त मस्त सह, भोज कुमार क भीड़ । भांमी मरवट मंजिया, नांमी प्रति-भट नीड़ ।—वं.भा.

नीड़ै—देखो 'निकट' (रू.भे.)

उ०—१ अर रांमपुरै आपरो सगपण हुवो जिण रा विवाहण में दगोरा फौजदार नूं नीड़ै जांणि जिको ही आप नैं अवलंब रो देणहार जांणियो ।—वं.भा.

उ०—२ भाट घणा दिन भाखता, कुळ मूला मूकंत । रहिया नीड़ै वीर ही, जाणा विरद जपंत ।—वी.स.

नीड़ो—देखो 'निकट' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ ढांणी धुलाइ नैं कह्यो म्हारा साथी नीकळिया, कह्यो जी अैही जाइ । चलिया मसांण नीड़ो छै ।—पंच दंडी री वारता

(स्त्री० नीड़ी)

नीचन, नीचंघ-सं०पु० [सं० नीचग] पानी, जल (ना.डि.को.)

नीचंत—देखो 'निस्चित' (रू.भे.)

नीच-वि० [सं०] १ जिसका स्थान उत्तम और मध्यम के बाद पड़ता हो, निकृष्ट, बुरा, अधम (डि.को.)

२ कर्म, गुण, जाति या और किसी बात में घट कर या न्यून, तुच्छ, हेठा, अधम । उ०—आदि तूझ था ऊपना, जगजीवण सह जीव । ऊंच नीच घर अवतरण, दां कइ दोस दईव ।—ह.र.

यौ०—ऊंच-नीच ।

सं०पु०—ओछा आदमी, क्षुद्र मनुष्य । उ०—१ कायर अवरम कुजस सूं, नीच न डरपै नाह । डरपै परदळ देखियां, रण तज लागै राह ।
—बां.दा.

उ०—२ आव घटै घर ओर री, वयण इस्ट दे वीच । आ आछी न करै अठै, न दियै पाछी नीच ।—बां.दा.

२ भ्रमण काल के सम्बन्ध में किसी ग्रह के भ्रमण वृत्त का वह स्थान जो पृथ्वी से अधिक निकट हो ।

३ फलित ज्योतिष में किसी ग्रह के उच्च स्थान से सातवां स्थान ।

४ चोर नामक गंध द्रव्य ।

५ दशार्ण देश के एक पर्वत का नाम ।

६ शूद्रवर्ण (डि.को.)

७ देखो 'नीचो' (मह., रू.भे.)

रू०भे०—नींच, नीचउ, नीय ।

नीचउ—१ देखो 'नीच' (रू.भे.)

२ देखो 'नीचो' (रू.भे.)

नीचकमाई-सं०स्त्री० [सं० नीचः+राज० कमाई] १ बुरे कामों से पैदा किया हुआ धन ।

२ बुरा धन्धा, निंद्य व्यवसाय ।

नीचग-सं०पु० [सं०] १ अपने उच्च स्थान से सातवें स्थान पर पड़ने वाला ग्रह । (फलित ज्योतिष)

२ पानी, जल ।

वि०—१ पामर, ओछा ।

२ नीचे जाने वाला ।

नीचगांमी-वि० [सं० नीचगामिन्] नीचे जाने वाला, ओछा ।

नीचगा-सं०स्त्री० [सं०] नदी, सरिता ।

नीचगिर, नीचगिरि-स०पु० [सं० नीचगिरि] दशार्ण देश के एक पर्वत का नाम ।

उ०—लेण थमो विसरांम नीचगिर परवत माथै । घण पुहुपां रोमांच मिळ'तां कदमां साथै । गंधै लोह, सुगंध विलासण कांमणियां रै । मद छक-जोबन पूर जतावै मण पुरसां रै ।—मेघ.

नीचग्रह-सं०पु० [सं० नीचगृह] वह स्थान जो किसी ग्रह के उच्च-स्थान से गिनती में सातवां हो ।

नीचता-सं०स्त्री० [सं० नीच+रा.प्र.ता] १ क्षुद्रता, तुच्छता, अधमता, खोटाई, कमीनापन ।

२ नीच होने का भाव ।

रू०भे०—नीचाई ।

नीचघूणियो [स० नीच+राज. घुणियो] नीचे देखते हुए चलने वाला (अशुभ)

नीचरलो, नीचलो—देखो 'निचलो' (रू.भे.)

(स्त्री० नीचरली, नीचली)

नीचांत-सं०स्त्री० [सं० नीच+रा.प्र. अंत] नीची भूमि, ढाल ।

नीचाई—देखो 'निचाई' (रू.भे.)

२ देखो 'नीचता' (रू.भे.)

नीचित, नीचींत—देखो 'निस्चित' (रू.भे.)

उ०—१ वार निहारूं पंथ बुहारूं, ज्यूं सुख पावै चित । मेरा मन की तुमही जांणो, मेरो ही जीव नीचित ।—मीरां

उ०—२ ताहरां पछीत खोदणी वैठे नीचींत थको खोदै छै । खोदतै खोदतै गळी की जिसड़ी में माथो मावै ।—चौबोली

नीचे, नीचै-क्रि०वि० [सं० नीचैः] १ नीचे की ओर, अधोभाग में ।

२ कम, घटकर, न्यून ।

३ अधीनता में, मातहती में ।

रू०भे०—नीय, नेचा ।

नीचोड़—देखो 'निचोड़' (रू.भे.)

उ०—अह नर सुर कह कवण ओड़, जै दत खग जोड़ । चक्रवत कर सुधा नीचोड़, मद वंका मोड़ ।—र.ज.प्र.

नीचोड़णो, नीचोड़बो—देखो 'निचोणो, निचोबो' (रू.भे.)

नीचोड़णहार, हारो (हारी), नीचोड़णियो—वि० ।

नीचोड़िओड़ो, नीचोड़ियोड़ो, नीचोड़्योड़ो—भू०का०कृ० ।

नीचोड़ीजणो, नीचोड़ीजबो—कर्म वा० ।

नीचोड़ियोड़ौ—देखो 'निचोयोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीचोड़ियोड़ी)

नीचोणौ, नीचोबौ—देखो 'निचोणौ, निचोबौ' (रू.भे.)
नीचोणहार, हारौ (हारी), नीचोणियौ—वि०।
नीचोयोड़ौ—भू०का०कृ०।
नीचोड़ीजणौ, नीचोड़ीजबौ—कर्म वा०।

नीचोयोड़ौ—देखो 'निचोयोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीचोयोड़ी)

नीचोवणौ, नीचोवबौ—देखो 'निचोणौ, निचोबौ' (रू.भे.)
नीचोवणहार, हारौ (हारी), नीचोवणियौ—वि०।
नीचोविश्रोड़ौ, नीचोवियोड़ौ, नीचोव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नीचोवीजणौ, नीचोवीजबौ—कर्म० वा०।

नीचोवियोड़ौ—देखो 'निचोयोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीचोवियोड़ी)

नीचौ-वि० [सं० नीच] (स्त्री० नीची) १ जो कुछ उतार या गहराई पर हो, जिसका तल आसपास के तलों की अपेक्षा गहराई पर हो, जिस तल से उसके आसपास के तल ऊपर हों, निम्न।
ज्यूं—थांरै खेत में ईज पांणी भेळो व्है, इण री कारण थांरौ खेत बीजा खेतां सूं नीचौ है।
यौ०—नीचौ-ऊंचौ।
२ जो साधारणतया दूसरों से ऊंचाई में कम हो, जो ऊपर की ओर दूसरों के या आसपास की वस्तुओं के बराबर गया हुआ न हो।
ज्यूं—हवेली सूं तौ औ घर घणौ नीचौ है।
३ जो ऊपर की ओर पूरा उठा हुआ न हो, झुका हुआ, नत।
ज्यूं—नीचौ माथौ, नीची निजर।
ज्यूं—राजाजी देवलोक हुआ जद किलै माथै झंडो नीचौ कर दियौ हो।
४ जो ऊपर से जमीन की ओर अधिक दूर तक लटका हुआ हो।
ज्यूं—नीची धोती, नीचौ कुड़तौ।
५ जो उत्तम और मध्यम कोटि का न हो, निकृष्ट।
६ ओछा, छोटा, बुरा, क्षुद्र, तुच्छ। उ०—कांम थैं इसो नीचौ कियौ, चार पगां धग चाढियौ।—ऊ.का.
७ जो कर्म गुण या जाति आदि में घट कर हो, न्यून।
उ०—१ ऊंचां नीचां में आगळ वह ईखै। मागळ भख-भूरां भेळा भड़ भीखै।—ऊ.का.
उ०—२ नीची न्यातां रा ऊंचा ऊधरिया, ऊंची जातां रा नीचा ऊतरिया।—ऊ.का.
उ०—३ नीची जात री ठणको पण न्यारौ, ऊंची जातां री उड़ग्यौ उणियारौ।—ऊ.का.
८ जो तीव्र न हो, जो चढ़ा हुआ न हो, जो जोर का न हो, मध्यम, धीमा।
ज्यूं—नीचौ सुर, नीची आवाज।
क्रि०वि०—ऊंचे से नीचे की ओर, नीचे की तरफ।
उ०—१ नीचौ जावै नीर ज्यूं, जग नव नहचै जांण। सकल पदारथ सार री, व्है खिण खिण में हांण।—बां.दा.
उ०—२ गहर आंखियां गीड़, झपक नीचौ झड़ जावै। नाक न पूंछै नींच, मांय मांख्यां भर जावै।—ऊ.का.
उ०—३ नीचौ नैणां सूं धोवां जळ धावै। ऊंचौ ईखण री अभलेखौ आवै। गाढ़ी गयणांगण रज ले गरणाटा। सांवण सूकौ गौ देतौ सरणाटा।—ऊ.का.
मुहा०—१ नीचौ-ऊंचौ करणौ—धमकी, प्यार आदि से समझाना।
२ नीचौ-ऊंचौ होणौ—किसी वस्तु की दर का बढ़ना या घटना, अवसरवादी होना।
३ नीचौ जोवतौ करणौ—इज्जत में बट्टा लगाना, शर्मिंदा करना।
४ नीचौ देखणौ—शर्मिंदा होना।
५ नीचौ देखाणौ—शर्मिंदा करना, हराना, इज्जत में बट्टा लगाना।

नीछंटणौ, नीछंटबौ—देखो 'नीछटणौ, नीछटबौ' (रू.भे.)
उ०—कविळउ कलूळ कंदळ करेय, फारकां पूठि फिरणी फिरेय। नीछंटिया गोळा तंत्र नाळि, पावक्क जांणि पइठउ पलाळि।
—रा.ज.सी.
नीछंटणहार, हारौ (हारी), नीछंटणियौ—वि०।
नीछंटिश्रोड़ौ, नीछंटियोड़ौ, नीछंट्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नीछंटीजणौ, नीछंटीजबौ—कर्म वा०।

नीछंटियोड़ौ—देखो 'नीछटियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीछंटियोड़ी)

नीछटणौ, नीछटबौ-क्रि०स०—१ फेंकना, छोड़ना।
उ०—१ नयण कटाछ बांण नीछटती। कसि चिहुं दिस फेरती कटाह। ऊठ 'रयण' वर परणण आवी। घूमर कीयां मीर घड़ाह।
—दूदौ
उ०—२ नयणां तणा बांण नीछटता, निमख निमख ताइ वाधइ नेह। रुत जांणती समउ जांणीयउ, सांईं सूं पहिलकउ सनेह।
—महादेव पारवती री वेलि
२ प्रहार करना। उ०—धमरोळ पड़ै सेलां ध्रियाग। खागां कर नीछट वहै खाग।—सू.प्र.
नीछटणहार, हारौ (हारी), नीछटणियौ—वि०।
नीछटाड़णौ, नीछटाड़बौ, नीछटाणौ, नीछटाबौ, नीछटावणौ, नीछटावबौ—प्रे०रू०।
नीछटिश्रोड़ौ, नीछटियोड़ौ, नीछट्योड़ौ—भू०का०कृ०।
नीछटीजणौ, नीछटीजबौ—कर्म वा०।
निछंटणौ, निछंटबौ, निछटणौ, निछटबौ, निछट्टणौ, निछट्टबौ,

नीछटणो, नीछटबो, नीछंटणो, नीछंटबो, नीछट्टणो, नीछट्टबो —रू०भे०।

नीछट्टियोड़ो-भू०का०कृ०—१ फेंका हुआ, छोड़ा हुआ। २ प्रहार किया हुआ। (स्त्री० नीछट्टियोड़ी)

नीछट्टणो, नीछट्टबो—देखो 'नीछटणो, नीछटबो' (रू.भे.)
उ०—वाजिद बाज दळ जळा-बोळ। नीछट्ट खाग लूटी नारनोळ। पदरियो भागरो दिली धाक। साहजांपुर कीधो खाक-खाक।
—वि.सं.

नीछट्टणहार, हारो (हारी), नीछट्टणियो—वि०।
नीछट्टिग्रोड़ो, नीछट्टियोड़ो, नीछट्टयोड़ो—भू०का०कृ०।
नीछट्टीजणो, नीछट्टीजबो—कर्म वा०।

नीछट्टियोड़ो—देखो 'नीछटियोड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० नीछट्टियोड़ी)

नीजण, नीजणि—देखो 'नीजन' (रू.भे)
उ०—१ ग्रासाढ़ का दिना को तपन कहतां सूरजि इसो अधिक ताप्यो छै। दुपहरा की वरीयां यैं सो नीजण होय गयो छै जु कोई मनुष्य फिरै टोलै न छै।—वेलि.टी.
उ०—२ इसो धूप ताप्यो छै। नीजणि कहतां कोई मनुष्य चलै न देतीयो। वैसी महा की अधराति जैसी नीजणि होय छै।
—वेलि.टी.

नीजांमा-सं०पु० [देशज] मल्लाह। उ०—१ समुद्र अगाधि मध्य गुहिर, गंभीर असं प्राप्त तीर। तेह समुद्र नइ तीरि वावनउ वोहित्य नागरिउ ग्राउलां सूत्रिया देसांतरोचित क्रयांणां भरियां कूयखंभो उभवीयउ नीजांमा सज्ज हुआ भेळा लोक माडिग्रा।—व.स.
उ०—२ नीजांमा नई नायता, माछी मिळया गुग्रार। मीणा मोची मोकळां, मूकी गया दुम्रार।—मा.कां.प्र.
रू०भे०—नीजांमा।

नीजुड़णो, नीजुड़बो—देखो 'निजोड़णो, निजोड़बो' (रू.भे)
उ०—ऊजड़ै कड़ा जिरहां अप्रग, खड़खड़ै जोध वाहै खड़्ग। रासरम पटै खांटै खड़ाक, नीजुड़ै नरां सिरि रहै नाक।
—गु.रू.बं.

नीजुड़णहार, हारो (हारी), नीजुड़णियो—वि०।
नीजुड़िग्रोड़ो, नीजुड़ियोड़ो, नीजुड़योड़ो—भू०का०कृ०।
नीजुड़ीजणो, नीजुड़ीजबो—कर्म वा०।

नीजुड़ियोड़ो—देखो 'निजोड़ियोड़ो' (रू.भे.) (स्त्री० नीजुड़ियोड़ी)

नीझणि, नीझणी-वि० [सं० निर्ध्वनि] ध्वनिरहित, चुप्प, शान्त।
उ०—१ मन करि मधुकरि रणझुणि, नीझणि रहण सुहाइ; मलयानिल क्षण माहरो, पाहरो क्षण इकु वाइ।—नेमिनाथ फागु

नीझर, नीझरण—देखो 'निरझरण' (रू.भे.)
उ०—१ धुरवा धरणी लग लोड़ा ले धावै। जीमण जीमण नै मोडा जिम जावै। मोरी अनुमोदित सोरो सड़ लागी। नीझर नव-नीरद ममना मव भागी।—ऊ.का.
उ०—२ नेरति निरधण गिरि नीझर, धणी भजै धण पयोधर। झोलै वाइ किया तरु झंखर, लवळी दहन कि लू लहर।
—वेलि.
उ०—३ उठै झाड़ कंडीर पाहाड़ ऐंडा। घणं मंगरां हालणो पंथ बैंडा। सळक्कै सदा नीझरां नीर खोळां। छळै कुंड अल्लोल सल्लोल छोळां।—मे.म.
उ०—४ ग्रागळ रितुराय मंडियो अवसर, मंडप वन नीझरण म्रिदंग। पंचबांण नायक गायक पिक, वसुह रंग भेळगर विहंग।
—वेलि.
उ०—५ देवी नीझरण नवे सो नदी नाळा, देवी तोय ते तवां रूप तुहाळा। देवी मथुरा माईया मोक्षदाता, देवी अवंती अजोध्या अघ हाता।—देवि.
उ०—६ नदियां, नाळा, नीझरण, पावस चढ़ियां पूर। करहउ कादिम तिलकस्यइ, पंथो पूंगळ दूर।—ढो.मा.
२ देखो 'नीझरणो' (अल्पा०, रू.भे.)
३ देखो 'निरझर, निरझरण' (रू.भे.)

नीझरणी—देखो 'निरझरणी' (रू.भे., अ.मा.)

नीझरणो-सं०पु० [सं० निर्झरं या निर्झरः] १ आंसू, अश्रु।
उ०—ग्राठ नारी नैं मायड़ी, बाप बांधव नै परिवारो रे। सहू आंख्यां नीझरणा नांखता, पाछा आया घर मझारी रे।
—जयवांणी
२ देखो 'निरझर, निरझरण' (अल्पा०, रू.भे)
उ०—१ निरमळ सरवर भरिया, नीझरणै झरै नीर। नयणां नीर तियै विण, मांड्यो जिण सुं सीर।—ध व.ग्रं.
उ०—२ नगि नगि नीझरणा वहइ, माहि जलूका मच्छ। कातरीया नई काच्छिया, ग्राडा ग्रावइं लक्ष।—मा.कां.प्र.
रू०भे०—नीझर, नीझरण।

नीझरणो, नीझरबो-क्रि०अ० [सं० निर्झरं] टपकना, झरना, चूना।
उ०—उभै मिसल अंबखास, पडै धड़हड़ अणपारां। राव जांणि नरसिंघ, हलै करि दयत विहारां। नख जमदढ़ नीझरै, रुधर मुख चख रातंबर। काळरूप विकराळ, 'अमर' छिबतो भुज अंबर।
—सू.प्र.

नीझरणहार, हारो (हारी), नीझरणियो—वि०।
नीझरिग्रोड़ो, नीझरियोड़ो, नीझरयोड़ो—भू०का०कृ०।
नीझरीजणो, नीझरीजबो—भाव वा०।

नीझरियोड़ो-भू०का०कृ०—टपका हुआ, झरा हुआ, चूआ हुआ। (स्त्री० नीझरियोड़ी)

नीझांमणो, नीझांमबो-क्रि०स०—पार पहुंचाना।

उ०—'नाय सागर, नीझांमता, नीरखि परिणिति सांति । उत्तराध्यन आदे वहु, संभळावै सिद्धांत ।—लाधौ साह

नीझांमियोड़ौ—भू०का०कृ०—पार पहुंचाया हुआ ।
(स्त्री० नीझांमियोड़ी)

नीठ—क्रि०वि० [सं० निष्ठा] मुश्किल से, कठिनाई से ।
उ०—१ थहै जातरी रातरी दीह वारा । धकै चाढ़वौ मागरौ खागधारा । उदै अद्र जो बारमौ भांण ऊगै, पबै-ग्रस्त सो पूगियां नीठ पूगै ।—मे.म.
उ०—२ पूगौ नीठ पिछांणियौ, किसूं वुलायौ काळ । कै पग मंडौ ठाकुरां, कै छंडौ करवाळ ।—वी.स.
उ०—३ बीजुळियां पारोकियां, नीठ ज नीगमियांह । अजइ न सज्जन वाहुडै, वळि पाछी वळियांह । ढो.मा.
उ०—४ दुख भर इण परिचालतां, नीठ थयौ परभात । कोढ़ी नौ सवळ, आगळि एक दिखात ।—स्रीपाळ
वि०—मुश्किल, कठिन । उ०—रही किती मिळ राजवण, सोनजूही मघ सोय । सोधि तिकां ल्यावै सखी, जुगत नीठ सी जोय । जुगति हूत निठ जोय, हेरि हुलसै हंसै । लता लवंग री ललित, लहलही त्यौं लसै ।—सिववख्स पाल्हावत
रू०भे०—निट्ट, निठ, निठि, नींठ, नीठां, नीठि, नीठी ।

नीठणौ, नीठबौ—देखो 'निठणौ, निठबौ' (रू.भे.)
नीठणहार, हारौ (हारी), नीठणियौ—वि० ।
नीठाड़णौ, नीठाड़बौ, नीठाणौ, नीठाबौ, नीठावणौ, नीठावबौ —क्रि०स० ।
नीठिओड़ौ, नीठियोड़ौ, नीठ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
नीठीजणौ, नीठीजबौ—भाव वा० ।

नीठर—देखो 'निस्ठुर' (रू.भे.)
उ०—१ वालपणइ लालीइ, जेतलइं योवन भरि जाए, तेतलइं माविञ सांह्यां थाइं, क्रित्य अक्रित्य न गुणइं, वडां तणा वचन निहणइं, माविञ सांह्यां नीठर बोल भणइं ।—व.स.
उ०—२ नीरगुण नीसत नीठर, इम मुकि नर को जाइ । प्रीत मांडी छेह दीधु, यौवन दोहेलउं थाइ ।—नळ-दवदंती रास
उ०—३ नीठर नेमि गदाधरू, पाधर सीह विमासि । परि अ सरीखीय माडइ ए, मांडइ ए पाडिसु पासि ।—नेमिनाथ फागु

नीठां—देखो 'नीठ' (रू.भे.)
उ०—गहकै आरंगपुर सारंग सुर गावै । वांणिक दीठांई नीठां वणि आवै । फूलर झांखळ विन खांखळ दिन ढक्यौ । हींडै हींडण विन हींडै हिय हक्यौ ।—ऊ.का.

नीठांनीठ, नीठांनीठि—क्रि०वि०—बड़ी मुश्किल से, बहुत कठिनाई से, ज्यों त्यों करके ।
रू०भे०—नीठानीठ, नीठानीठि ।

नीठाड़णौ, नीठाड़बौ—देखो 'निठाणौ, निठावौ' (रू.भे.)
नीठाड़णहार, हारौ (हारी), नीठाड़णियौ—वि० ।
नीठाड़िओड़ौ, नीठाड़ियोड़ौ, नीठाड़्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
नीठाड़ीजणौ, नीठाड़ीजबौ—कर्म वा० ।
नीठणौ, नीठबौ—अक० रू० ।

नीठाड़ियोड़ौ—देखो 'निठायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीठाड़ियोड़ी)

नीठाणौ, नीठाबौ—देखो 'निठाणौ, निठाबौ' (रू.भे.)
ज्यूं०—सीरो तो घणोई दस मण को रांध्यो थो पिण मल्ला भाई टिकिया जु सैंग नीठाय दियो तद बीजो रांधणो पड़ियो ।
नीठाणहार, हारौ (हारी), नीठाणियौ—वि० ।
नीठायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
नीठाईजणौ, नीठाईजबौ—कर्म वा० ।
नीठणौ, नीठबौ—अक० रू० ।

नीठानीठ, नीठानीठि—देखो 'नीठांनीठ' (रू.भे.)

नीठायोड़ौ—देखो 'निठायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीठायोड़ी' (रू.भे.)

नीठावणौ, नीठावबौ—देखो 'निठाणौ, निठावौ' (रू.भे.)
नीठावणहार, हारौ (हारी), नीठावणियौ—वि० ।
नीठाविओड़ौ, नीठावियोड़ौ, नीठाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
नीठावीजणौ, नीठावीजबौ—कर्म वा० ।
नीठणौ, नीठबौ—अक० रू० ।

नीठावियोड़ौ—देखो 'निठायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीठावियोड़ी)

नीठि—देखो 'नीठ' (रू.भे.)
उ०—१ दिन जेहि रिणौ रिणाई दरसणि, क्रमि क्रमि लागा संकुडिणि । नीठि छुडै आकास पोस निसि, प्रोढ़ा करखणि पंगुरिणि । —वेलि.
उ०—२ नाह नीठि पड़िसी खेत मांझी निवड़ । गयंद पड़िसी गहर करड़ घड़ भड़ गहड़ ।—हा.झा.
उ०—३ वारण हय भूखण बसण, 'सतै' करै बखसीस । 'भाऊ' पाछौ भेजियौ, नीठि हठां अवनीस ।—वं.भा.

नीठियोड़ौ—देखो 'निठियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० नीठियोड़ी)

नीठी—देखो 'नीठ' (रू.भे.)

नीठुर—देखो 'निस्ठुर' (रू.भे.) (उ.र.)

नीठोनीठ—देखो 'नीठांनीठ' (रू.भे.)

नीडज—सं०पु० [सं०] पक्षी (डि.को.)

नीत—१ देखो 'नेती-धोती' (रू.भे.)
उ०—असी च्यार सुधार आसण, धोत बसती नीत धारण । करौ एता कठिण विधक्रम, न सम राघव नांम ।—र.ज.प्र.
२ देखो 'नीति' (रू.भे.)

उ०—१ दोयण मारै दाय सूं, नीत बात निरधार। देख हिरण धीरी प्रकट, ग्रूमे देन संसार।—बां.दा.

उ०—२ नीत परीखत राजियो, नीत निधांन नरेस। 'बगत' पाट म्हाराजिनद, यह तर भूप बनेस।—सिवबगस पाल्हावत

उ०—३ पदम सेज पगुपघ सरद ध्यांन स्तुति भासती, नीम धर नार फळ जोग जप नाम। दिर प्रमा नीरपय चंद बुध नीत घट, मेर दिग समंद नंद भय ब्रहम राम।—र.ज.प्र.

उ०—४ वेग वधतो सांम रो, वाधै वुद्ध विसेस। रीत सत्रै नूप नीत री, उर धारी अवरेस।—रा.रू.

३ देखो 'नीयत' (रू.भे.)

उ०—१ देगो विगड़ी देह, ढोळ बीगड़गो देखो। विगड़ गई सब बात, मारलो सं कुण लेखो। सभा बिगड़गी संग, नीत बीगड़गी न्यारी। देख बिगड़ती दसा, वयारी सूं पीगी वयारी।—ऊ.का.

उ०—२ सच्चा हुंदी नीत थी, पेखै सिरजणहार।—केसोदास गाडण

नीतचारी-वि० [सं० नीति+चारिन्] नीति के अनुसार आचरण करने वाला।

नीतरणौ, नीतरबौ-क्रि०अ० [सं०-निःस्तरण] द्रव पदार्थ में घुली हुई वस्तु का नीचे बैठ जाना, द्रव का स्वच्छ हो जाना।

उ०—निकंमी नीयत रा सरवर नीतरिया। बींठा बीजां रा तरवर बीपरिया। चतुरां चयूं ऊंडी चिंता चांपां री। आछी ईसुर री भूंटी आपां री।—ऊ.का.

२ सारहीन होना, तत्वरहित होना।

नीतरणहार, हारौ (हारी), नीतरणियौ—वि०।

नीतराड़णौ, नीतराड़बौ, नीतराणौ, नीतराबौ, नीतरावणौ, नीतरावबौ—प्रे०रू०।

नीतारणौ, नीतारबौ—क्रि०स०।

नीतरिग्रोड़ौ, नीतरियोड़ौ, नीतरचोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीतरीजणौ, नीतरीजबौ—भाव वा०।

नितरणौ, नितरबौ—रू०भे०।

नीतरियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ (द्रव पदार्थ) घुली हुई वस्तु के तल में बैठ जाने से जो अलग हुवा हुआ हो।

२ सारहीन हुवा हुआ, तत्वरहित हुवा हुआ।

(स्त्री० नीतरियोड़ी)

नीतवंत, नीतवांन—देखो 'नीतिवांन' (रू.भे.)

उ० १ सेरसाह सांचो सोळवंत आदिल, नेक, नीतवंत, खबरदार, अवनियां रैत रो पीहर, सिपाह रो मित्र, चाकरां ऊपर मिहरबांन, वडो पातसाह हुवो।—बां.दा.ख्यात

उ०—२ मुनहि तोप भूप के सुलच्छ साधतै नहीं। विनीत नीतवांन जे अनीत वाधतै नहीं।—ऊ.का.

नीतसास्त्र—देखो 'नीतिसास्त्र' (रू.भे.)

नीतार—सं०पु०—१ घुली हुई वस्तु के तल में बैठ जाने या जमा हो जाने से अलग हुआ साफ द्रव पदार्थ।

२ तल में बैठी हुई चीज।

३ सार, सारांश।

रू०भे०—नितार।

नीतारणौ, नीतारबौ-क्रि०स० [सं० निःस्तरण] १ द्रव को रखना या स्थिर करना जिससे उसमें घुली हुई वस्तु तल में बैठ जाय और द्रव स्वच्छ हो जाय, द्रव को स्थिर करके स्वच्छ करना।

२ ऊपर के स्वच्छ द्रव को धीरे-धीरे दूसरे पात्र में उंडेल कर लेना।

३ किसी घोल में स्वच्छ द्रव को अलग करना। द्रव को छान कर अलग करना।

नीतारणहार, हारौ, (हारी), नीतारणियौ—वि०।

नीतारिग्रोड़ौ, नीतारियोड़ौ, नीतारचोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीतारीजणौ, नीतारीजबौ—कर्म वा०।

नीतरणौ, नीतरबौ—अक० रू०।

नितारणौ, नितारबौ—रू०भे०।

नीतारियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ स्थिर करके स्वच्छ किया हुआ (द्रव)।

२ ऊपर के स्वच्छ द्रव को धीरे धीरे दूसरे पात्र में उंडेल कर लिया हुआ।

३ किसी घोल में से स्वच्छ द्रव को अलग किया हुआ, द्रव को छान कर अलग किया हुआ।

(स्त्री० नीतारियोड़ी)

नीति-सं०स्त्री० [सं०] १ दूसरे को बाधा पहुंचाए बिना अपने कल्याण और भलाई की चाल, वह रीति जिससे अपनी भलाई के साथ समाज की बुराई न हो।

२ लोक-मर्यादा के अनुसार व्यवहार, समाज के कल्याण के लिए उचित ठहराया हुआ आचार-व्यवहार, अच्छी चाल, सदाचार।

३ व्यवहार की रीति, आचार पद्धति।

ज्यूं—दुरनीति, सुनीति।

४ किसी कार्य की सिद्धि के लिए चली जाने वाली चाल, युक्ति, उपाय।

५ राज्यादि की प्राप्ति के लिए या राज्य की रक्षार्थ चली जाने वाली चाल।

६ वह विद्या जिसके द्वारा राज्य की व्यवस्था की जाय। राज्य की रक्षा के लिए निर्धारित विधि।

रू०भे०—नीइ, नीत, नीती।

नीतिग्य-वि० [सं० नीतिज्ञ] नीतिकुशल।

रू०भे०—नीतीग्य।

नीतिमांन-वि० [सं० नीतिमत्] नीति को मानने वाला, नीति के अनुसार चलने वाला, नीतिपरायण, सदाचारी।

नीतिवंत, नीतिवांन-वि०—१ नीति को जानने वाला, नीतिज्ञ, नीति-कुशल। उ०—१ नीतिवांन गुनवांन समय गुर्जांन जांन, गुन के निधांन सूर सूरिप स्वदेस के। क्षत्रिय कुळ धरम्म में निपुन परम्म परमारथ, स्वारथ अचाह धुर धरम धरेस के।—ऊ.का.

२ नीतिपरायण, सदाचारी।

रू०भे०—नीतवंत, नीतवांन, नीतिवांन, नीतीवंत।

नीतिसास्त्र-सं०पु० [सं० नीतिशास्त्र] १ वह शास्त्र जिसमें मानव समाज के कल्याण वा हितार्थ देश, काल और पात्रानुसार प्रबन्ध, शासन, आचार, व्यवहार आदि का विधान हो।

२ नीतिसम्बन्धी शास्त्र।

रू०भे०—नीतसास्त्र, नीतीसासतर, नीतीसास्त्र।

नीती—देखो 'नीति' (रू.भे.)

उ०—१ वेद न सुणियो विमळ, खेद पाई तन खोयो। सांड हुय रह्यौ सदा, रांड रांडहि कर रोयो। न्याय न जांण्यो निठुर, निलज जांणी नहि नीती। निज नारी-व्रत नेम, रुगड आंणी नहि रीती। परदार प्यार हुयगो प्रमत, बिन सींगां रा बैलिया। भोग रै मांय भंमतां भमर, गयो जनम सब गैलिया।—ऊ.का.

उ०—२ ठाकर री नीती ही कै याद आयां दं उण री ई भलो अर नी दं उण री ई भलो। इण सुभाव सूं ठाकर बणी नुकसांण में रैवतो।—रातवासो

नीतीग्य—देखो 'नीतिग्य' (रू.भे.)

नीतीवंत, नीतीवांन—देखो 'नीतिवांन' (रू.भे.)

नीतीसासतर, नीतीसास्त्र—देखो 'नीतिसास्त्र' (रू.भे.)

नीतोतायो, नीत्ततायो, नीत्तोतायो—देखो 'नित्तोतायो' (रू भे.)

उ०—तीजण्यां तो सारी ही आई, ज्यां में आ उदमादणि नीतोताई बाग में मैमंत हुइ फिरै छै, सहेल्यां रा भूल में कतूळ करै छै।

—पनां वीरमदे री वात

(स्त्री०—नीतोताई, नीतोतायी, नीत्तताई, नीत्ततायी, नीत्तोताई, नीत्तोतायी)

नीद—देखो 'निद्रा' (रू.भे.)

उ०—सुणीजै अलकार झंकार सूतां। हुवै नीद बिक्षेप ताकीद हूंतां।—मे.म.

नीदड़ली, नीदड़ी—देखो 'निद्रा' (अल्पा०, रू.भे.)

नीदाळ—१ देखो 'नींदाळ' (रू.भे.) (डिं.को.)

२ देखो 'निद्राळू' (मह, रू.भे.) (डिं.को.)

३ देखो 'निंदाळू' (मह., रू.भे.)

नीदाळु, नीदाळू—१ देखो 'निंदाळू' (रू.भे.) (डिं.को.)

२ देखो 'निद्राळू' (रू.भे.)

नीद्र, नीद्रइं—देखो 'निद्रा' (रू.भे.)

उ०—१ जिम निद्र भरि हुई सुखि सूता। तेम कौरव ति नीद्र विगूता।—विराटपर्व

उ०—२ सखी नयण तव नीद्रइं घुळइ। मारू तणी आंखि नवि मिळइ।—ढो.मा.

नीद्रलड़ी—देखो 'निद्रा' (अल्पा०; रू.भे.)

उ०—गजेंद्र कुंभस्थळ सीस ढोळइं, कोई हींडोळ जिम सीस डोलइ। तुरंग मातंग ति नीद्र घोरइ; न पक्षीया नीद्रलडी वगोरइ।

—विराटपर्व

नीधणि—देखो 'नीधणी' (रू.भे.)

उ०—दादू प्रांणी बंध्या पंच सौं, क्यों ही छूटै नांहि। निधणि आया मारियें, यहु जीव काया मांहि।—दादूबांणी

नीधणिको, नीधणियो—देखो 'नीधणी' (अल्पा०, रू.भे.)

(स्त्री० नीधणिकी)

नीधणी-वि०—बिना मालिक का, स्वामीहीन।

रू०भे०—नीधणि।

अल्पा०—निरधणियो, नीधणिको, नीधणियो।

नीधनो—देखो 'निरधन' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—दादू सब जग नीधना, धनवंता नहिं कोइ। सो धनवंता जांणियें, जाकै रांम पदारथ होइ।—दादूबांणी

(स्त्री० नीधनी)

नीधस-सं०स्त्री० [देशज] नगाड़े की ध्वनि, आवाज (डिं.को.)

रू०भे०—निधस, निध्रस, नीध्रस।

नीधसणो, नीधसबो-क्रि०अ० [देशज] १ नगाड़े का बजना, ध्वनि करना। उ०—१ मन खट राग वधा लग मोजां। कटि मेखळ कसियो कुरबांण। आवै मीर घड़ा उपडंखी। नीधसतै नेवर नीसांण।

—दूहो

उ०—२ होदा कसिया हाथियां, नीधसिया नीसांण। लारै रंभ रसिया लिया, ऊससिया अप्रमांण।—सिवबक्स पाल्हावत

उ०—३ सोभत सै लूंट लूंट सरियारी। मिळ 'गोरंभ' महातम मांण। सिध' तणा ऊपर 'समियाणी'। नीधसिया जस रा नीसांण।

—द.दा.

उ०—४ कूंकतड़ी मेल्ही चिहुं कनारां, नीधसजइ आगळि नीसांण। ब्रह्मा विस्णु पधारउ वहिला, जोगेसर तेडिया जांण।

—महादेव पारवती री वेलि

उ०—५ पारेवइ धावतइ अति पाइ, नीधसइ घरा पुड़ तिणि निहाइ। पंचाइण चडियउ ऊभि पांण, भूगळी घड़ा अद्दिवा मांण।

—रा.ज.सी.

नीधसणहार, हारो (हारी), नीधसणियो—वि०।

नीधसवाड़णो, नीधसवाड़बो, नीधसवाणो, नीधसवाबो, नीधसवाणो, नीधसवाबो, नीधसवावणो, नीधसवावबो, नीधसाड़णो, नीधसाड़बो, नीधसाणो, नीधसाबो, नीधसावणो, नीधसावबो—प्रे०रू०।

नीधसियोड़ो, नीधसियोड़ो, नीधस्योड़ो—भू०का०कृ०।

नीधसीजणो, नीधसीजबो—भाव वा०।

निधसणो, निधसबो, निध्रसणो, निध्रसबो, नीध्रसणो, नीध्रसबो

—रू०भे०।

नीधसियोड़ो-भू०का०कृ०—१ बजा हुआ, ध्वनि किया हुआ।

(स्त्री० नीधसियोड़ी)

नीध्रस—देखो 'नीघस' (रू.भे.)

उ०—साह' रह चमर अंबाडां नीध्रस, नीग 'जदो' कमधज सिर मड़। मार दहन 'दरम' नह मांगो, 'दयारांम' लग वागो दूठ।

—दयारांम घाडिया रो गीत

नीध्रसणौ, नीध्रसबौ—देखो 'नीघसणौ, नीघसबौ' (रू.भे.)

उ०—पाखि पांना गजे भारमल अंगोभव, दिलो दळ सकळ भागव छोहे। निजुड़ नीसांण सुसबद तणा नीध्रसे, सीसि सकबंध निर नमणु सोहे।

—रूपसिंह भारमलोत राजावत रो गीत

नीध्रसणहार, हारो (हारी), नीध्रसणियो—वि०।

नीध्रसिग्रोड़ो, नीध्रसियोड़ो, नीध्रस्योड़ो—भू०का०कृ०।

नीध्रसीजणौ, नीध्रसीजबौ—भाव वा०।

नीध्रसियोड़ो—देखो 'नीघसियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० नीध्रसियोड़ी)

नीप-सं०पु०—देखो 'निप' (रू.भे.)

नीपक-सं०पु० [देशज] १ याचक (ह.नां.मा.)

२ कवि. ३ पण्डित।

नीपज-सं०स्त्री० [सं० निष्पदनम्] उत्पत्ति, पैदावार।

रू०भे०—निपज।

नीपजणौ, नीपजबौ-क्रि०अ० [सं० निष्पदनं] १ उत्पन्न होना, पैदा होना। उ०—१ ऊंची नीची सरवरिया री पाळ, जठै नै सोळमियो सोनो नीपजै।—लो.गी.

उ०—२ बात छै अचिरज सारिखी जी, माहरै हियै न समाय। कह्यां में नफो नहीं नीपजै जी, बिन कह्यां रह्यो न जाय।

—जयवांणी

उ०—३ वैरागर हीरा हुए, कुळवंतियां सपूत। सीपै मोती नीपजै, सब ग्रम्मा रा सूत।—बां दा.

उ०—४ जिणि रिति मोती नीपजइ, सीप समंदां मांहि। तिणि रिति ढोलउ ऊमहउ, हंस को मांणस जाहि।—ढो.मा.

उ०—५ घन वूठइ, घण नीपजइ, वूठा विण ये जाय। तिम करवूं तई ? माघवा ! घाइ अनीठी राइ(ति)।—मा.कां.प्र.

उ०—६ घणा सैंवज गोहूं सारी सींव काठा नीपजै छै। मण १ गोहूं वाया मण ६० मण गोहूं हुवै छै।—नैणसी

२ अंकुरित होना, उगना, उपजना।

३ बढ़ना, बड़ा होना।

४ घटित होना, सम्पन्न होना, होना।

उ०—तेडीउ ए देवु मुरारि राउ, दुरयोधनु आवीउ ए। इछीय ए दीजइ दान, बिंब प्रतीस्ठा नीपजै ए।—पं.पं.च.

५ परिपक्व होना, पकना।

६ तैयार होना, बनना।

नीपजणहार, हारो (हारी), नीपजणियो—वि०।

नीपजिग्रोड़ो, नीपजियोड़ो, नीपज्योड़ो—भू०का०कृ०।

नीपजीजणौ, नीपजीजबौ—भाव वा०।

निपजणौ, निपजबौ, नींमजणौ, नींमजबौ, नीपणौ, नीपबौ, नीपनणौ, नीपनबौ, नीमजणौ, नीमजबौ—रू०भे०।

नीपजाड़णौ, नीपजाड़बौ—देखो 'निपजाणौ, निपजाबौ' (रू.भे.)

नीपजाड़णहार, हारो (हारी), नीपजाड़णियो—वि०।

नीपजाड़िग्रोड़ो, नीपजाड़ियोड़ो, नीपजाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।

नीपजाड़ीजणौ, नीपजाड़ीजबौ—कर्म वा०।

नीपजणौ, नीपजबौ—अक० रू०।

नीपजाड़ियोड़ो—देखो 'निपजायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपजाड़ियोड़ी)

नीपजाणौ, नीपजाबौ—देखो 'निपजाणौ, निपजाबौ' (रू.भे.)

उ०—घनै धीरज धार मन में, कियो हरि सूं काज। बिना वायां नीपजायो, हुवो बहतो नाज।—भगतमाळ

नीपजाणहार, हारो (हारी), नीपजाणियो—वि०।

नीपजायोड़ो—भू०का०कृ०।

नीपजाईजणौ, नीपजाईजबौ—कर्म वा।

नीपजणौ, नीपजबौ—अक० रू०।

नीपजायोड़ो—देखो 'निपजायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपजायोड़ी)

नीपजावणौ, नीपजावबौ—देखो 'निपजाणौ, निपजाबौ' (रू.भे.)

नीपजावणहार, हारो (हारी), नीपजावणियो—वि०।

नीपजाविग्रोड़ो, नीपजावियोड़ो, नीपजाव्योड़ो—भू०का०कृ०।

नीपजावीजणौ, नीपजावीजबौ—कर्म वा०।

नीपजणौ, नीपजबौ—अक० रू०।

नीपजावियोड़ो—देखो 'निपजायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपजावियोड़ी)

नीपजियोड़ो-भू०का०कृ०—१ उत्पन्न हुवा हुआ, पैदा हुवा हुआ।

२ अंकुरित हुवा हुआ, उगा हुआ, उपजा हुआ।

३ बढ़ा हुवा हुआ, बढ़ा हुआ।

४ घटित हुवा हुआ, सम्पन्न हुवा हुआ।

५ परिपक्व हुवा हुआ, पका हुआ।

६ तैयार हुवा हुआ, बना हुआ।

(स्त्री० नीपजियोड़ी)

नीपण-सं०पु० [सं० लिप, लेपनम्] १ आंगन आदि लीपने के लिए तैयार किया हुआ गोबर।

२ लीपने का काम।

उ०—नीपण घोळण मांडणै, जीवां रा करो जतन्न। भय ममतां दुलहो लह्यो, मांनव भव रतन्न।—जयवांणी

क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।

३ देखो 'निपुण' (रू.भे.) (डि.को.)

उ०—१ अछेहां पै घाव सिघां सभाव पटैत अंगां, कछ अंबा भांण कुळां अरेहां सकांम। दौड़ वाड़ जीपणां लूण चै काज भंजै देहां, रेवंतां नीपणां सूरां रजै एहां रांम।—र.ज.प्र.

उ०—२ जस 'पातल' रौ जगत में, औ भरियौ अणपार। नीपण निज पावै नहीं, पोथी लिखियां पार।—ऊ.का.

नीपणौ, नीपबौ—क्रि०स० [सं० लिप्, लेपनम्] १ किसी गीली वस्तु वा गाढे घोल की पतली तह चढ़ाना, लीपना, पोतना।

ज्यूं—घर नीपणौ, आंगणौ नीपणौ।

२ देखो 'नीपजणौ, नीपजबौ' (रू.भे.)

उ०—१ बढ़ की सुभ वेळाह, नग 'पाबू' सिध नीपियौ। —पा.प्र.

नीपणहार, हारौ (हारी), नीपणियौ—वि०।

निपवाड़णौ, निपवाड़बौ, निपवाणौ, निपवाबौ, निपवावणौ, निपवावबौ—प्रे०रू०।

नीपाड़णौ, नीपाड़बौ, नीपाणौ, नीपाबौ, नीपावणौ, नीपावबौ —प्रे०रू०।

नीपिओड़ौ, नीपियोड़ौ, नीप्योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीपीजणौ, नीपीजबौ—कर्म वा०, भाव वा०।

नीपनणौ, नीपनबौ—देखो 'नीपजणौ, नीपजबौ' (रू.भे.)

उ०—१ घटि घटि घण घाउ घाइ घाइ रत घण, ऊंच छिळ ऊछळै अति। पिड़ि नीपनौ कि खेत्र प्रवाळी, सिरां हंस नीसरै सति।—वेलि.

उ०—२ तुरक्की ताजी तुरंग, विलाती देसी विडंग। घूना चित्रांगिया धंग, खेड़ रा नीपना खंग।—गु.रू.बं.

उ०—३ तांमस अहंकार तैं पांच महाभूत पांच सूक्ष्म भूत नीपना। —द.वि.

उ०—४ जाहरां परमात्मा माया दिसि देख्यां लियां थी महतत्व नीपना। महतत्व थकी अहंकार नीपनौ।—द.वि.

उ०—५ ताहरां तेजल घोड़ौ नीसर नै घोड़ी नू लागौ तै री काळवी वछेरी नीपनी।—नैणसी

उ०—६ नवखंड रा नीपना, प्रवळ पिंड रा पाथ। आरण पग अणचल जिकै, भड जीपण भाराथ।—सिववक्स पाल्हावत

नीपनणहार, हारौ, (हारी), नीपनणियौ—वि०।

नीपनिओड़ौ, नीपनियोड़ौ, नीपन्योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीपनीजणौ, नीपनीजबौ—भाव वा०।

नीपनियोड़ौ—देखो 'नीपजियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपनियोड़ी)

नीपवण—वि०—उत्पन्न करने वाला।

नीपाड़णौ, नीपाड़बौ—१ देखो 'नीपाणौ, नीपाबौ' (रू.भे.)

२ देखो 'निपजाणौ, निपजाबौ' (रू.भे.)

नीपाड़णहार, हारौ (हारी), नीपाड़णियौ—वि०।

नीपाड़िओड़ौ, नीपाड़ियोड़ौ, नीपाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीपाड़ीजणौ, नीपाड़ीजबौ—कर्म वा०।

नीपणौ, नीपबौ—अक० रू०।

नीपाड़ियोड़ौ—१ देखो 'नीपायोड़ौ' (रू.भे.)

२ देखो 'निपजायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपाड़ियोड़ी)

नीपाणौ, नीपाबौ—क्रि०स० ('नीपणौ' क्रिया का प्रे०रू०) १ लीपने का काम कराना।

उ०—केसर कूंकूं री गार घलावौ साहिब जिण सूं नीपावौ गुल सेरी रे। हां जी रे भायां प्यारी रा साहिब किण विलमायां रे। —लो.गी.

२ देखो 'निपजाणौ, निपजाबौ' (रू.भे.)

उ०—१ मन पंगु थियौ सहु सेन मूरछित, तह नह रही संपेखतै। किरि नीपायौ तदि निकुटी ए, मठ पूतळी पाखांण तै।—वेलि.

उ०—२ जिण दिन पवन पांणी नहीं। जिण दिन स्वांमी अभ न गभ। ये तो जुग सूना गया। तदि तौ दीप नीपायौ हो आप। —बी.दे.

उ०—३ तव वींभू वांणी वदइ, सांभळि, नरपति देव! नीपाई निज कन्यका, स्वांमी करे वा सेव।—मा.कां.प्र.

उ०—४ ॐ नमौ वीतरागाय। ऊपेलइ माळि, प्रसंनइ काळि, वारू मंडप नीपाइउ, पोइणि नै पांनि छाइउ, कूंक ना छावड़ा मोती ना चउक, तेह माहि सारूआर घाट।—व.स.

नीपाणहार, हारौ (हारी), नीपाणियौ—वि०।

नीपायोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीपाईजणौ, नीपाईजबौ—कर्म वा०।

नीपणौ, नीपबौ—अक० रू०।

नीपाड़णौ, नीपाड़बौ, नीपावणौ, नीपावबौ—रू०भे०।

नीपायोड़ौ—भू०का०कृ०—१ लीपने का काम कराया हुआ।

२ देखो 'निपजायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपायोड़ी)

नीपावणौ, नीपावबौ—१ देखो 'निपजाणौ, निपजाबौ' (रू.भे.)

उ०—नमो नांम नीमवण नमो नर सुर नीपावण। नमो पनंग-धर नमो गयण थंभां बिन थंभण।—ह.र.

देखो 'नीपाणौ, नीपाबौ' (रू.भे.)

नीपावणहार, हारौ (हारी), नीपावणियौ—वि०।

नीपाविओड़ौ, नीपावियोड़ौ, नीपाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीपावीजणौ, नीपावीजबौ—कर्म वा०।

नीपणौ, नीपबौ—अक० रू०।

नीपावियोड़ौ—१ देखो 'निपजायोड़ौ' (रू.भे.)

२ देखो 'नीपायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीपावियोड़ी)

नीवियोड़ो-भू०का०कृ०—१ सीया हुआ, पोया हुआ।
२ देखो 'नीवजियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० नीवियोड़ी)
नीवियो-नीवियो-वि०पो०—निरा-पुरा।
नीब—देखो 'नीम' (रू.भे.)
नीबड़—देखो 'नीम' (मह., रू.भे.)
नीबड़ली-सं०स्त्री०—देखो 'नीम' (अल्पा, रू.भे.)
नीबड़लो देखो 'नीम' (अल्पा., रू.भे.)
नीबड़ियो—देखो 'नीम' (अल्पा., रू.भे.)
नीबड़ी-सं०स्त्री०—देखो 'नीम' (अल्पा., रू.भे.)
नीबड़ो—देखो 'नीम' (अल्पा., रू.भे.)
नीबाण-सं०स्त्री०—नींबू का वृक्ष।
नीबात-सं०पु० [सं० नवनीत] १ मक्खन, नवनीत।
उ०—जोगी ! थां कोन कहै हो बात। दुपइ त्रिहावऊं घणी हो नीबात। भैंस को दही घर गरड़ा को भात।—बी.दे.
२ मिश्री।
वि०—१ कमजोर, असक्त।
२ कायर, डरपोक।
नीबाब—देखो 'नव्वाब' (रू.भे.)
नीबी-सं०स्त्री० [सं० निविकृतिक] घी, दूध, दही, गुड़, तेल आदि विकृति पैदा करने वाले पदार्थों को त्याग करने का नाम (जैन)
उ०—प्रायंबिल नीबी, पुरिमड्ढ, करें द्रव्य अनुमांन। भिन्न-पिंडवाहए पांचमो, ए आग्या भगवांन।—जयवांणी
नीबीजो—देखो 'निरबीज' (अल्पा., रू.भे.)
(स्त्री० नीबीजी)
नीबू—देखो 'नींबू' (रू.भे.) (अ.मा.)
उ०—नीबूड़ै री जड़ गई पताळ, ओ थां पर वारी रे सैंयां। सोयां नै कोसां पर नीबू फैलियो ओ राज।—लो.गी.
नीबूड़ो, नीबूड़ो—देखो 'नींबू' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—नीबूड़ै री गहरी गहरी छांय, ओ थण वारी रे हुंजा। कोई नै मत तोड़ो भवरजी रो नीबूड़ो ओ राज।—लो.गी.
नीबोळी—देखो 'निंबोळी' (रू.भे.)
नीभर—१ देखो 'निरभय' (रू.भे.)
उ०—जां निसि सूतिय देसउ, नीभर नींद्र मझारि। गोयज सुमिणइ आविया, दोलिया बोल विचारि।
—प्राचीन फागु-संग्रह

२ देखो 'निरभर' (रू.भे.)
नीमंत-देखो—'निमित्त' (रू.भे.)
नीम-सं०पु० [सं० निम्ब] १ द्विदलांकुर से उत्पन्न होने वाला एक पेड़ जो पत्ती झाड़ता है। यह अपने कड़ुएपन के लिए प्रसिद्ध है और औषध में काम आता है। दूषित रक्त को शुद्ध करने का इसका गुण प्रसिद्ध है। इसकी लकड़ी इमारती होती है। इसका फल निंबोली कहलाता है। यह वृक्ष देववृक्षों के अन्तर्गत माना गया है। इसकी टहनियां दातुन करने के लिए अधिक तोड़ी जाती हैं। ऊंट, बकरी आदि पशु इसकी पत्तियां खाते हैं (डि.को.)।
रू०भे०—नींब, नींम, नीब।
अल्पा०—नींबड़ली, नींबड़लो, नींबड़ियो, नींबड़ो, नींबड़ो, नींबो, नीबड़ली, नीबड़लो, नीबड़ियो, नीबड़ी, नीबड़ो, नीमड़ली, नीमड़लो, नीमड़ियो, नीमड़ी, नीमड़ो।
मह०—नींबड़, नीबड़, नीमड़।
सं०स्त्री०—२ गहराई।
ज्यूं—बेरा में पांणी री नीम घणी है।
३ तालाब के मध्यस्थान की गहराई एवं भूमि की कठोरता।
वि० [फा०] आधा, अर्द्ध।
४ देखो 'नींव' (रू.भे.)
उ०—आवै जो अकलीम, सात हेक सुरतांण रै। नहीं जिका दै नीम, ईछै लेवा आठमी।—बां.दा.
५ देखो 'नियम' (रू.भे.)
उ०—मनसा वाचा करमणा ए नीम तेणीए करघु। भाव भक्ति भामिनी भरत्ता भूपति तूं वरघु।—नळाख्यांन
नीमगिलोय-सं०स्त्री० [सं० निम्ब+फा० गिलोय] नीम के वृक्ष के सहारे फैलने वाली गिलोय नामक लता।
नीमड़—देखो 'नीम' (मह०, रू.भे.)
नीमड़णो, नीमड़बो-क्रि०अ० [सं० निवर्तनम्] १ नष्ट होना, समाप्त होना। उ०—१ कूच विहांणै ऊगणै, अरि घर सोच अथाह। घास उजाड़ां नीमड़ै, पड़ै पहाड़ां राह।—रा.रू.
उ०—२ जर जवहर घर जोरवां, लूंटांणी सम लाज। मेछां नीमड़ियो विभो, सुण चढियो महाराज।—रा.रू.
२ मर्यादा छोड़ना।
उ०—चडतां नृपति समा भड चड़िया। जोपै रूप सनाहां जड़िया। खह रुकि गरद वधै अस खड़िया। नीरध वध जाणि नीमड़िया।
—रा.रू.

३ उत्तरदायित्व निभाना।
उ०—'अजमाल' तणै बळ धार इम, नर दुकाल भ्रम नीमड़ै। भाजियो खेत 'मुहकम' भिड़े, अै घायल हुय ऊपड़ै।—रा रू.
४ देखो 'निपटणो, निपटबो' (रू.भे.)
उ०—राखै संप जिका घन राखै, 'बांको' दाखै साच विध। न्याय नीमड़ै जितै नीमड़ै, राज चढ़ै ज्यां तणी रिध।
—बां.दा.

५ देखो 'निवड़णो, निवड़बो' (रू.भे.)
नीमड़णहार, हारो (हारी), नीमड़णयो—वि०।
नीमड़िओड़ो, नीमड़ियोड़ो, नीमड़योड़ो—भू०का०कृ०।

नीमड़ीजणौ, नीमड़ीजबौ—कर्म वा०

नीवड़णौ, नीवड़बौ—रू०भे० ।

नीमड़ली-सं०स्त्री०—देखो 'नीम' (अल्पा०, रू.भे)

उ०—१ गुड़ घी बंधावौ नीमड़ली री पाळ पन्ना मारू। दूध सिंचाग्रो हरियै रूंख नै जी म्हारा राज ।—लो.गी.

उ०—२ चाल्या पन्ना मारू जोधांणै रै देस पन्ना मारू। जोधांणै री बाड़ी नीमड़ली झुक रही जी म्हारा राज ।—लो.गी.

नीमड़लौ—देखो 'नीम' (अल्पा०, रू.भे.)

नीमड़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ नष्ट हुवा हुआ, समाप्त हुवा हुआ ।

२ मर्यादा छोड़ा हुआ ।

३ उत्तरदायित्व निभाया हुआ ।

४ देखो 'निवड़ियोड़ौ' (रू.भे.)

५ देखो 'निपटियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमड़ियोड़ी' (रू.भे.)

नीमड़ियौ—देखो 'नीम' (अल्पा०, रू.भे.)

नींमड़ी-सं०स्त्री०—देखो 'नीम' (अल्पा०, रू.भे.)

नीमड़ौ—देखो 'नीम' (अल्पा०, रू.भे.) (डि.को.)

नीमचमेली-सं०स्त्री०—चमेली के समान सफेद फूलों वाला एक वृक्ष विशेष ।

नीमचा-सं०स्त्री० [फा०] एक प्रकार की तलवार ।

नीमजणौ, नीमजबौ-क्रि०स० [सं० निष्पदनं] १ ठानना ।

उ०—नह सादूळौ नीमजे, जुध जिण तिण सूं जाय । ग्रो वाहरुग्रां ग्राफळै, कुंजर हलकां काय ।—बां.दा.

[सं० निमज्जनम्] २ घुसना, प्रविष्ट होना ।

उ०—मदोन्मत्त, त्रिदंडवरित, त्रिपाटभरित, चारुरूप, ग्रारक्त-कुंभस्थळ, ग्रापणी छाया देखी गुहिरा गाजइं, गोत्र नीमजइं, सैन्य छांडइं, ग्रलुग्रारी मांडइं ।—व.स.

३ देखो 'नीपजणौ, नीपजबौ' (रू.भे.)

नीमजणहार, हारौ (हारी), नीमजणियौ—वि० ।

नीमजिग्रोड़ौ, नीमजियोड़ौ, नीमज्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

नीमजीजणौ, नीमजीजबौ—कर्म वा०, भाव वा० ।

नीम-जमीर-सं०स्त्री० [स निम्ब+जमीर] एक प्रकार का वृक्ष ।

उ०—सातवों तौ वासौ चंवरियां जी वसियौ, चंवरियां में बैठा लाडो-लाडली । वधज्यै ए लाडी, वड-पीपळ ज्यूं, फळज्यै नीम-जमीर ज्यूं, लाडली री चीर वधज्यौ, रायवर री वागौ-मोळियौ ।

—लो.गी.

नीमजर-सं०स्त्री० [सं० निम्ब+राज० जर=पुष्प] नीम के वृक्ष की बौर जो छोटे-छोटे सफेद फूलों वाली गुच्छों के रूप में होती है और चैत्र व वैशाख मास में ग्राती है। तत्पश्चात् यह निबौलियों में परिवर्तित हो जाती है। रक्त-शुद्धि व शीतलता के लिए इसे घोट कर व छान कर पीते हैं।

रू०भे०—निमजर, निमझर, नींमजर।

नीमजियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ ठाना हुग्रा ।

२ घुसा हुग्रा, प्रविष्ट हुवा हुग्रा ।

३ देखो 'नीपजियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमजियोड़ी)

नीमटणौ, नीमटबौ—देखो १ 'निवड़णौ, निवड़बौ' (रू.भे.)

उ०—लोहां, लाकडां, चामडां, पहलां किसा बखांण । वहू वछेरा डीकरा, नीमटियां निरबांण ।—ग्रज्ञात

२ देखो 'निपटणौ, निपटबौ' (रू.भे.)

उ०—निसा फोज घटी तौ नीमटती, फिरतै नर नाखत्र ग्रणफेर । उरधर कियो न 'जैंत' ग्रंगोग्रम, मन 'मूळरज' ज्यूं ही घू मेर ।

—नैणसी

नीमटणहार, हारौ (हारी), नीमटणियौ—वि० ।

नीमटिग्रोड़ौ, नीमटियोड़ौ, नीमट्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

नीमटीजणौ, नीमटीजबौ—भाव वा० ।

नीमटियोड़ौ—देखो 'निवड़ियोड़ौ' (रू.भे.)

२ देखो 'निपटियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमटियोड़ी)

नीमडणौ, नीमडबौ-१ देखो 'नीमड़णौ, नीमड़बौ (रू.भे.)

उ०—तीह संग्रमि सांचरतां वादित्र वाजिवा लागा, ग्राकासि डमरू डमडम्यां, काहली कंसाल तणै कोलाहलि करण्ण कमकम्या, झल्लरी झणत्कार हुग्रा, भेरी भांकारि भूंगल तणै भूभूग्राटि भूमि फाडी, नीमडयां नीसांण नै नादि नदी निरझर प्रतिनाद नीपना ।

—व.स.

२ देखो 'निवड़णौ, निवड़बौ' (रू.भे.)

उ०—ते काव्य जे सभा बोलीइ, ते ग्राभरण जे हीरे जडीइ, ते सुवरण्ण जे कसवट्टइ नीमडइ, ते वैद्य जे व्याधि फेडइ, ते राजा जे राज्य पालइ ।—व.स.

३ देखो 'निपटणौ, निपटबौ' (रू.भे.)

नीमडणहार, हारौ (हारी), नीमडणियौ—वि० ।

नीमडिग्रोड़ौ, नीमडियोड़ौ, नीमड्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

नीमडीजणौ, नीमडीजबौ—भाव वा० ।

नीमडियोड़ौ-१ देखो 'नीमड़ियोड़ौ' (रू.भे.)

२ देखो 'निवड़ियोड़ौ' (रू.भे.)

३ देखो 'निपटियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमड़ियोड़ी)

नीमडौ—देखो 'नीम' (अल्पा०, रू.भे.)

नीमण-वि० [सं० निर्मन] १ वह जो खोखला न हो, ठोस ।

२ नीरोग ।

३ अच्छा, भला ।

रू०भे०—निमण, निमन ।

नीमजान-वि० [फा०] मजनूं, दुःखी। उ०—एक तरह इण भांति, नीमजान नर निजर। हरमी जिम मह महल, तिको घरि भंगा नजर।—सू प्र.

नीमणौ, नीमबौ-क्रि०स०—१ संकल्प करना, विचार करना, निश्चय करना। उ०—१ सुत 'सांमत' सुरतांण सवायौ, डर पण मरण नीमियौ आयौ। सुहियक दळां 'जसावत' 'माधौ', 'लाखै' विघन जांणि मन साधौ।—रा.रू.

उ०—२ गोगादे गजगाह, नर नाहर चित नीमियौ। मंडै 'दलै' निबाह, मह उण समै मतीज री।—गो.रू.

उ०—३ बळिवंत जोध 'बूड़ण' हरौ, सूर धीर साकौ करण। सज्ज्ळवि प्रांण जाळोर सूं, नीमं रहियौ निज मरण।

—गु.रू.बं.

२ प्राप्त करना, पाना।

क्रि०अ०—३ जन्म लेना, उत्पन्न होना, जन्मना।

उ०—'कूंडळ' वीरमदे कमंध, पिरणो भटियांणी। नर 'गोगादे' नीमीयौ, जग सास जपांणी।—वी.मा.

नीमणहार, हारौ (हारी), नीमणियौ—वि०।

नीमिग्रोड़ौ, नीमियोड़ौ, नीमयोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीमीजणौ, नीमीजबौ—कर्म वा०, भाव वा०।

नीमतणौ नीमतबौ-क्रि०स० [सं० निमित्त] १ किसी वस्तु को दूसरे के निमित्त करना।

२ देखो 'निमंत्रणौ, निमंत्रबौ' (रू.भे.)

नीमतणहार, हारौ (हारी), नीमतणियौ—वि०।

नीमतिग्रोड़ौ, नीमतियोड़ौ, नीमतयोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीमतीजणौ, नीमतीजबौ—कर्म वा०।

नीमतियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ (किसी वस्तु आदि को) किसी के निमित्त किया हुआ।

२ देखो 'निमंत्रियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमतियोड़ी)

नीमदर-सं०पु० [फा०] कुश्ती का एक पेच।

नीमवण-वि० [सं० निर्मनम्] रचने वाला, रचयिता।

उ०—इळ रचण उर्भ किय सिव सगत, अलख निरंजण आप हुव। नर-नाग-असुर-सुर नीमवण, अलख पुरुस आदेस तुव।—ह.र.

नीमवणौ, नीमवबौ-क्रि०स० [सं० निर्मनम्] निर्माण करना, रचना करना, रचना, बनाना।

नीमवियोड़ौ-भू०का०कृ०—निर्माण किया हुआ, रचा हुआ, बनाया हुआ।

(स्त्री० नीमवियोड़ी)

नीमसारण्य—देखो 'नैमिसारण्य' (रू.भे.)

नीमाड़णौ, नीमाड़बौ—देखो 'नमाणौ, नमाबौ' (रू.भे.)

नीमाड़णहार, हारौ (हारी), नीमाड़णियौ—वि०।

नीमाड़िग्रोड़ौ, नीमाड़ियोड़ौ, नीमाड़योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीमाड़ीजणौ, नीमाड़ीजबौ—कर्म वा०।

नीमाड़ियोड़ौ—देखो 'नमायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमाड़ियोड़ी)

नीमाणौ, नीमाबौ—देखो 'नमाणौ, नमाबौ' (रू.भे.)

नीमाणहार, हारौ (हारी), नीमाणियौ—वि०।

नीमायोड़ौ—भू०का०कृ०।

नीमाईजणौ, नीमाईजबौ—कर्म वा०।

नीमायोड़ौ—देखो 'नमायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमायोड़ी)

नीमावणौ, नीमावबौ—देखो 'नमाणौ, नमाबौ' (रू.भे.)

नामावणहार, हारौ (हारी), नीमावणियौ—वि०।

नीमाविग्रोड़ौ, नीमावियोड़ौ, नीमाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

नीमावीजणौ, नीमावीजबौ— कर्म वा०।

नीमावत-सं०पु०—१ निम्बकाचार्य का अनुयायी।

२ वैष्णव सम्प्रदाय का एक भेद।

३ रामावत साधुओं की एक शाखा।

४ उक्त शाखा या सम्प्रदाय का एक व्यक्ति।

रू०भे०—नीवावत।

नीमावियोड़ौ—देखो 'नमायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० नीमावियोड़ी)

नीमियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ संकल्प किया हुआ, विचार किया हुआ, निश्चय किया हुआ।

२ प्राप्त किया हुआ, पाया हुआ।

३ जन्म लिया हुआ, उत्पन्न हुवा हुआ, जन्मा हुआ।

(स्त्री० नीमियोड़ी)

नीमियौ-वि०—नियम लिया हुआ, व्रतधारी।

नीमोळी—देखो 'निमोळी' (रू.भे.)

उ०—नीमोळी रसदार, भार ईं मिसी चोखी। पोखै बाळक काय, माय मन लाय अणोखी। ना संतोळा सेव, मेव मीठा ना पिसता। ना अंगूर विदांम, आंम किसमिस री रसता।—दसदेव

नीयौ—देखो 'नमौ' (रू.भे.)

नीयता—देखो 'नियंता' (रू.भे.)

उ०—निरभय नीयता, यता नर नारी। करता वीसंभर, भरता सुख भारी।—ऊ.का.

नीय—१ देखो 'निज' (रू.भे.)

उ०—१ कन्हडि वोधीउ सूयण, लोकु सहु सोगु निवारीउ। पहूतुं सहूड नीय नयरि, परियणि परिवारीय।—पं.पं.च.

उ०—२ कांमालय अट्ठमी तणी, सांभई संहट भणेवि। राजकुंअरि नीय घरि गई, ऊलट अंगि घरेवि।—विद्याविलास पवाडउ

२ देखो 'नीचं' (रू.मे.)

उ०—सपत दीप रिख सात, सातइ समदु। नवइ नीय ही, हाथ जोड़ै नरिंदु।—पी.ग्रं.

३ देखो 'नीच' (रू.भे.) (जैन)

नीयत—सं०स्त्री० [अ०] १ आन्तरिक भावना, संज्ञा, उद्देश्य, लक्ष्य, संकल्प। उ०—१ अळगा एकांयत नीयत निरदावै। धूणी अवधूतां दूणी धुकावै। पूरा पोमाहे सूरा सत सावै। पोता मरियोड़ा जीता पद पावै।—ऊ.का.

उ०—२ क्यों जे बादसाहां री नीयत माफिक असर होय छै।
—नी.प्र.

मुहा०—१ नीयत खराब करणी—बुरा संकल्प करना, मन में विकार उत्पन्न करना, ठीक सोचे हुए या अच्छे व उचित संकल्प को दृढ़ न रख सकना।

(२) नीयत खराब होणी—अच्छे व उचित संकल्प पर दृढ न रहना, बुरा संकल्प होना, मन में विकार पैदा होना।

(३) नीयत डिगणी—देखो 'नीयत खराब होणी'।

(४) नीयत डिगाणी—देखो 'नीयत खराब करणी'।

(५) नीयत बदळणी—अनुचित और बुरी बात की ओर प्रवृत्त होना, बेईमानी सूझना, बुरा संकल्प वा बुरी इच्छा होना, बुरा विचार होना।

(६) नीयत बांधणी—मन में ठानना, इरादा करना, संकल्प करना।

(७) नीयत बिगड़णी—देखो 'नियत खराब होणी'।

(८) नीयत बिगाड़णी—देखो 'नीयत खराब करणी'।

(९) नीयत भरीजणी—संतुष्ट होना, इच्छा पूरी होना, जी भरना, मन तृप्त होना।

(१०) नीयत में फरक आणी—बुरी बात की ओर प्रवृत्त हो जाना, उचित व अच्छे संकल्प पर दृढ़ रहना।

(११) नीयत लागणी—प्रवृत्त करना, दृढ़ करना, उन्मुख करना।

(१२) नीयत लागणी—जी ललचाना, इच्छा लगना।

(१३) नीयत होणी—इच्छा होना, आकांक्षा होना।

यौ०—नीयत-बायरौ।

२ नीति। उ०—मत छत सार धार अप्रमांणै, जिको सकळ नीयत व्रत जांणै। सरम सांम ध्रम हूंत सपग्गो, अधरम हूंता रहै अळग्गो।—रा.रू.

रू०भे०—नियत, नींवत, नीत, नेत।

नीयति—देखो 'नियति' (रू.भे.)

उ०—रवि चै उदय रात मिट जावै, खुटै तेल मुसाल बुझावै। यों नीयति व्रत वेद बतावै, तप तीखै नृप राज गमावै।—रा.रू.

नीयांणा—देखो 'नियांण, नियांणु' (रू.भे.)

उ०—करोत ले नै देह त्यागी। तिको जाळोर कांनड़दे रै घरै वीरमदे कंवर हुवौ। तिण सूं पैला भव री नीयांणा सूं बेगम रो नेह लागो।—वीरमदे सोनिगरा री वात

नीयाळ—देखो 'निहाल' (रू.भे.)

नीरंग, नीरंगु—देखो 'निरंग' (रू.भे.)

उ०—मिळिया नेमि नारायण गायण गीत सुणेउ, वारवधू मदि मातती नाचती जोइं बेउ। बेउ खेलइ सरसी तलि सीतलि लाखारांमि, नीरंगु नेमि न भीजइ खीजइ नारी नांमि।—नेमिनाथ फागु

नीर—सं०पु० [सं० नीरम्] १ जल, पानी (डि.को.)

उ०—१ ऊपरि पदपलव पुनरभव ओपति, निंमळ कमळ दळ ऊपरि नीर। तेज कि रतन कि तार कि तारा, हरि हंस सावक ससिहर हीर।—वेलि

उ०—२ नदि दीह वधे सर नीर घटै निसि, गाढ धरा द्रव हेमगिरि। सुतरु छांह तदि दीध जगत सिरि, सूर राह किय जगत सिरि।
—वेलि

२ ओज। उ०—भोग्य चित भजै, ग्रीवणी गरज्जै। नीर धार निजै, सोहड़ै सलज्जै।—रा.रू.

३ शोभा, कांति, दीप्ति।

उ०—१ देवी नीर देख्यां अघ ओघ नासै। देवी आतमानंद हैवे हुलासै।—देवि.

उ०—२ लखधीर वडो लखलूट, खिति खमिति आगि अखूट। निज-वंसि चडावण नीर, हद वेहद हेल हमीर।—ल.पि.

उ०—३ देस सुरंगो जळ सजळ, न दियौ दोस थळांह। घर-घर चंद-वदनियां, नीर चढै कमळांह।—बां.दा.

४ गौरव, मान, प्रतिष्ठा।

उ०—१ नामणै अनंमा नाद नवा कोटां चाढै नीर, आच व्रवा आज जिसो 'ऊदा'-हरो इंद। दाखणै अदेखां देख दीपियो हींदू दुभाळ, मारुवौ महीप दूजो 'मालदे' मसंद।
—जगमाल राठौड़ रो गीत

उ०—२ 'उदयवत' आज दुनियांण सह ऊपरा, सार रौ तार लागौ सबां हीं। हंस राखै जिकां नीर अळगौ हुवै, नीर राखै जिकां हंस नांहीं।—महाराणा प्रताप रो गीत

उ०—३ नह पंचां जाय लाकड़ी नांखै, घणा जोर सज बियां घरां। चाड़ी करै कचेड़ी चढ़िया, नीर ऊतरै तुरत नरां।—बां.दा.

५ आंसू, अश्रु।

वि०—१ श्वेत कृष्ण* (डि.को.)

२ कृष्ण, काला (डि.को.)

रू०भे०—नीरि, नीरु, नीरू।

अल्पा०—नीरौ।

नीरअ—देखो 'नीरज' (रू.भे.) (जैन)

नीरखणौ, नीरखबौ—देखो 'निरखणौ, निरखबौ' (रू.भे.)

उ०—जांघ जोड़ावौ नू नीरखियौ, रंग-भरि रयण नू माड़ीयौ खेल। देव सतावौ राजा तुं फिरइ, घीव वीसाही तु जीमौ छइ तेल।
—वी.दे.

नीरलणहार, हारौ (हारी), नीरलणियौ—वि० ।

नीरलियोड़ो, नीरलियोड़ो, नीरल्योड़ो—भू०का०कृ० ।

नीरलीजणौ, नीरलीजबौ—कर्म वा० ।

नीरलियोड़ो—देखो 'निरलियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० नीरलियोड़ी)

नीरज, नीरज्ज—सं०पु० [सं० नीरज] १ कमल, पुंडरीक (अ.मा.)

उ०—१ नीरि निरखिय नीरज नीरज हावउं केमु । टालइ ए केलीहर, दीहर लल जिम लेमु ।—नेमिनाथ फागु

उ०—२ ग्रादि ग्रगम ग्रविकार, एक ईस्वर ग्रविणासी । पछै प्रक्रति तत पंच, विविध सुर ईसज-वासी । ईंडो कनक ग्रछेह, देह धरि हरि तिण द्वारे । रचे नाभ नीरज्ज, रज्ज ग्रज प्रज गुण सारे । मन तेण वियो मारीच मुनि, उण थी कासिप ऊपनो । धर नूर प्रकासी प्रीत धर, सूर तेण घर संपनो ।—रा.रू.

२ मोती ।

वि० [सं० नीरज या निस्+रजस्] १ रजरहित, धूलिरहित ।

उ०—नीरि निरखिय नीरज, नीरज हावउ केमु । टालइ ए केलीहर, दीहर लल जिम लेमु ।—नेमिनाथ फागु

२ मलरहित 'कर्म' (जैन)

रू०भे०—नीरम, नीरय ।

नीरण—देखो 'नीरणौ' (मह०, रू.भे.)

उ०—किड़की कारायण कनफड़ियां कूटी । तिड़गी तारायण सों पुरली तूटी । प्रतिदिन मोळा पड़ मिन मिन पद पूजै । धोळा नीरण बिन जीरण जिम धूजै ।—ऊ.का.

नीरणौ—सं०स्त्री० [सं० नितरां-हरणं=नीरणं+रा०प्र०ई]

१ पशुओं को चराने के लिए घास आदि डालने की क्रिया या भाव । उ०—आठ बळदां की ए, मा मेरी नीरणी, आठ हाळघां की छाक, बावैजी नै कहियो ए, हाळी नै बेटी क्यूं दयी ।

—लो.गी.

क्रि०प्र०—करणी ।

२ पशुओं के चरने के लिए डाला जाने वाला घास आदि ।

क्रि०प्र०—करणी ।

३ देखो 'निरंणी' (रू.भे.)

४ देखो 'नलहरणी' (रू.भे.)

मह०—नीरण ।

